फोन नं0—05442—245381

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बथुआ गॉधीघाट नकहरा रोड, मीरजापुर।

Email Id- jalnigam3@gmail.com
Mo. No.- 9473942677

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

पत्रांक कैम्प / मीरजापुर / 01 दिनांक 07.04.2025

विषयः— **जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत निर्माण की गई पेयजल परियोजनाओं का मा0 जनप्रतिनिधियों MP/MLA/MLC द्वारा निरीक्षण कराये जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड हलिया अन्तर्गत निर्माण एजेन्सी मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड द्वारा ता.लर ग्राम समूह पेयजल योजना का निर्माण कार्य पूर्ण कर जलापूर्ति की जा रही है। उक्त पेयजल योजना सतही स्रोत (अदवां बांध) आधारित पेयजल परियोजना है। मा0 रिंकी कोल, विधायिका—छानबे विधान सभा क्षेत्र द्वारा अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में दिनांक 07.04.2025 को अहुगी कलां ग्राम समूह पेयजल योजना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निम्न अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

1 अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)।
2 श्री अरूण प्रभाकर, जूनियर इंजीनयर, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)।
3 टीम लीडर (पी0एम0सी0), थीम इंजीनियरिंग सर्विसेज प्रा0लि0।
4 टीम लीडर (टी0पी0आई0), मेधज टेक्नो कोनसेप्ट प्रा0लि0।
5 परियोजना प्रबन्धक, मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड।

परियोजना का संक्षिप्त विवरण

कार्यदायी संस्था	मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड
परियोजना का नाम	अहुगी कलां ग्राम समूह पेयजल योजना
परियोजना आरम्भ तिथि	18.06.2020
विकास खण्ड का नाम	हलिया
कुल आवंटित राजस्व ग्रामों की संख्या	159
मुख्य जल स्रोत	अदवां बांध
इन्टेक वेल की संख्या/ लोकेशन	01/ अहुगी कलां
डब्लू0टी0पी0 की संख्या/ लोकेशन	01/ बरहुला
सी0डब्लू0आर0 की संख्या	08 नग
शिरोपरि जलाशय की संख्या	29 नग
कुल आबादी	249235
लक्षित हाउस कनेक्शन की संख्या	37781
योजना की लागत	रू0 270.79 करोड़

मा0 विधायिका श्रीमती रिंकी कोल जी द्वारा अहुगी कलां ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत राजस्व ग्राम भैसोड बलाय पहाड एवं सुईया कलां का निरीक्षण किया गया एवं ग्रामवासियों से जलापूर्ति की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर ग्राम में शतप्रतिशत नियमित जलापूर्ति किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। महोदया द्वारा ग्रीष्म काल में निर्बाध जलापूर्ति किये जाने एवं विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में

डी0जी0 का उपयोग कर जलापूर्ति किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। महोदया द्वारा जनता को पेयजल का सदुपयोग करने एवं सिंचाई व अन्य कार्यो में पेयजल बर्बादी न किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

भवदीय

(राजेश कुमार गुप्ता)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1 मुख्य अभियन्ता (वारा0क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
2 अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मीरजापुर।
3 अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति मीरजापुर।

अधिशासी अभियन्ता